कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, महराजगंज

पत्रांकः एस0एस0ए0/के0जी0बी0वी0/ 7570-77 /2026-27 दिनांक- 25/11/2026

विज्ञप्ति

जनपद महराजगंज के उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शैक्षिक /शिक्षणेत्तर कार्मिकों के नवीन चयन हेतु विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश सं0–1/570148 /2024 File No-68-5099/23/2024-25 दिनांक28.05.2024 व राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक के0जी0बी0वी0 /1837 / 2024–25, दिनांक 30.05.2024 व संशोधित शासनादेश संख्या–68–5099/23/ 2024–5–अनुभाग–5 बेसिक शिक्षा (बेसिक शिक्षा विभाग) 1/775757/2024, दिनांक 21–10–2024 एवं तत्क्रम में राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक के0जी0बी0वी0/7114/ 2024–25, दिनांक 28.10.2024 के अनुपालन में जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदन के क्रम में एवं जनपदीय चयन समिति के निर्णयोपरान्त निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थियों से संविदा के आधार पर उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शैक्षिक/शिक्षणेत्तर कार्य करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, महराजगंज के पते पर विलम्बतम दिनांक 10.12.2026 को सायं 05:00 बजे तक अवश्य प्राप्त हो जाना चाहिए। निर्धारित तिथि व समय के बाद अथवा साधारण डाक से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होंगे। रिक्त पदों तथा उसके सापेक्ष चयन हेतु निर्धारित अर्हता, मानक, आरक्षण श्रेणी, शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा, देय मानदेय प्रति माह व आवेदन पत्र का प्रारूप आदि का विवरण जनपद महराजगंज की वेबसाइट https://maharajganj.nic.in पर उपलब्ध है।

क्र0 सं0	पद	पदों की संख्या	आरक्षण की श्रेणी					शैक्षिक अर्हता	वरीयमान अर्हता	नियत मानदेय प्रतिमाह (रु0 में)
			अनारक्षित	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जन जाति	ई0डब्लू0एस0			
1	प्रधानाचार्या	05	01	02	01	0	01	(1) प्रशिक्षित एम0ए0 (हिन्दी/अंग्रजी) अथवा एम०एससी० (भौतिक विज्ञान/रसायन विज्ञान /जन्तु विज्ञान/ वनस्पति विज्ञान/गणित/ कम्प्यूटर साइंस) किसी विश्वविद्यालय या संस्था या ऐसे विश्वविद्यालय या संस्था से सम्बद्ध किसी मान्यता प्राप्त संस्था की या अन्य राज्यों की परिषदों से सम्बद्ध किसी संस्था की या इसी प्रकार की संस्थाओं की, जिसकी परीक्षाएं परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त हैं, कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम चार वर्ष का शिक्षण अनुभव हो या विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त किसी जूनियर हाईस्कूल के प्रशिक्षण स्नातक प्रधानाध्यापक के रूप में कम से कम चार वर्ष का अनुभव हो, प्रतिबन्ध यह भी है कि वह 30 वर्ष से कम आयु की न हो। (2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था में इण्टरमीडिएट कक्षाओं में दस वर्ष का शिक्षण अनुभव के साथ–साथ प्रथम या द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या पन्द्रह वर्ष के शिक्षण अनुभव के साथ तृतीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या (3) विज्ञान में प्रशिक्षित स्नातकोत्तर डिप्लोमाधारी; प्रतिबन्ध यह है कि उसने यह डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रथम या द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण किया हो और किसी मान्यता प्राप्त संस्था में ऐसा डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने के पश्चात क्रमशः 15 या 20 वर्ष की प्रशंसनीय सेवा की हो।	–	30000.00
2	पी0जी0टी0 हिन्दी	06	02	02	01	0	01	हिन्दी में एम०ए० तथा संस्कृत के साथ बी०ए० अथवा शास्त्री परीक्षा राजकीय संस्कृत	प्रशिक्षित	22000.00

								कालेज, वाराणसी अब सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय, वाराणसी		
3	पी0जी0टी0 अंग्रेजी	05	01	02	01	0	01	नियमानुसार स्थापित उत्तर प्रदेशीय अथवा किसी अन्य मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि (पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री) किसी ट्रेनिंग कालेज से एल०टी० डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एजुकेशन में डिग्री या डिप्लोमा रखने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी।	प्रशिक्षित	22000.00
4	पी0जी0टी0 गणित	05	01	02	01	0	01	1–एम०ए० अथवा एम०एस०सी० गणित अथवा 2–गणित में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम सहित बी०ए० (आनर्स) अथवा बी०एस०सी० (आनर्स)	प्रशिक्षित	22000.00
5	पी0जी0टी0 जीव विज्ञान	05	01	02	01	0	01	1–वनस्पति विज्ञान अथवा जन्तु विज्ञान में एम०एस0सी० अथवा 2–कृषि विषयक वनस्पति विज्ञान के साथ एम०एस०सी०, बी०एस०सी० में जन्तु विज्ञान अथवा 3–कृषि विषयक जन्तु विज्ञान के साथ एम०एस०सी०, बी०एस०सी० में वनस्पति विज्ञान अथवा 4–यू०जी०सी० द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/डिग्री कालेज से एम०एस०सी० (लाइफ साइंस) अथवा 5–किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित जीव विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी०एस०सी०	प्रशिक्षित	22000.00
6	पी0जी0टी0 रसायन विज्ञान	06	02	02	01	0	01	1–रसायन विज्ञान में एम०एससी० अथवा 2–रसायन विज्ञान में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के साथ बी०एस०सी० (आनर्स) अथवा 3–यू०जी०सी० द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय/डिग्री कालेज से स्नातकोत्तर (बायोकेमिस्ट्री) अथवा 4–किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज से शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी०एस०सी०	प्रशिक्षित	22000.00
7	पी0जी0टी0 भैतिक विज्ञान	05	01	02	01	0	01	1–एम०एस0सी० (भौतिक शास्त्र) अथवा 2–किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित भौतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी०एस०सी०	प्रशिक्षित	22000.00
8	कम्प्यूटर विज्ञान	05	01	02	01	0	01	1–एमटेक (कम्प्यूटर विज्ञान) अथवा 2–बी०ई०/बी०टेक (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा 3–एम०सी०ए० अथवा एम०एस0सी0 (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा "बी" लेविल आफ डी०ओ०ई०ए०सी०सी० (डिपार्टमेन्ट आफ	प्रशिक्षित	22000.00

								इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स) अथवा 4–स्नातकोत्तर डिग्री के साथ पी०जी० डिप्लोमा इन कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन विज्ञान किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा 5–स्नातकोत्तर डिग्री के साथ बी०एससी० (कम्प्यूटर कोर्स कम्पोनेन्ट कनसेसटिंग ऑफ एट लिस्ट 1/3 ऑफ साइंस कोर्स किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से) अथवा स्नातकोत्तर डिग्री के साथ ए–लेविल ऑफ डी०ओ०ई०ए०सी०सी० (डिपार्टमेन्ट आफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स)		
9	लैब असिस्टेन्ट	15	05	04	03	01	02	हाईस्कूल विज्ञान वर्ग के साथ एवं लैबोरेटरी तकनीक में डिप्लोमा अथवा मान्यता प्राप्त बोर्ड से इण्टरमीडिएट–विज्ञान वर्ग के साथ	–	6498.00
10	कार्यालय अधीक्षक/ लिपिक	07	03	02	01	0	1	1–माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो । 2–माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 के साथ–साथ केन्द्र अथवा किसी राज्य द्वारा स्थापित किसी संस्था / शिक्षा बोर्ड / परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट परीक्षा में पृथक विषय के रूप में कम्प्यूटर साइंस विषय को लिया गया हो। अथवा कम्प्यूटर संचालन डोएक/NIELIT द्वारा प्रदत्त CCC प्रमाण–पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण–पत्र। अथवा कम्प्यूटर साइंस में डिप्लोमा/डिग्री 3–कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण गति न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर अंग्रेजी टंकण गति न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट	–	12430.00

क्र0 सं0	पद	पदों की संख्या	आरक्षण की श्रेणी					शैक्षिक अर्हता	नियत मानदेय प्रतिमाह (रुपया में)	अनिवार्य
			अनारक्षित	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जन जाति	ई0डब्ल्यू0एस0			
1	केयरटेकर	05	02	01	01	0	1	परास्नातक एवं बी0एड0	24200.00	• विद्यालय में रात्रि निवास अनिवार्य होगा। • अभ्यर्थी शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए।
2	चपरासी	05	01	02	01	0	01	कक्षा–8 उत्तीर्ण	7143.00	
3	चौकीदार	06	01	02	02	0	01	कक्षा–8 उत्तीर्ण	7143.00	
4	सहायक रसोइया	16	05	05	04	0	02	कक्षा–8 उत्तीर्ण	6433.00	

(1)**नोटः**–प्रधानाचार्या जिस विषय की अर्हता रखती होगी उस विषय की पृथक से शिक्षिका की नियुक्ति नहीं की जायेगी तथा सम्बन्धित विषय का शिक्षण कार्य प्रधानाचार्या द्वारा ही किया जायेगा तथा उस विषय की विज्ञप्ति निरस्त मानी जाएगी।

आयु–

- प्रधानाचार्या के लिए न्यूनतम आयु 01 अप्रैल 2026 को न्यूनतम आयु 30 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी और कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम 04 वर्ष का शिक्षण अनुभव हो जो DIOS महोदय से अग्रसारित करके प्रतिहस्ताक्षरित के बाद ही अनुभव स्वीकार्य होगा।
- शेष पदों पर 01 अप्रैल 2026 को न्यूनतम आयु 25 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी।
- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में सेवा हेतु अधिकतम आयु 60 वर्ष होगी।

(3) **आरक्षण**– राज्य सरकार के निर्धारित प्राविधानों के अनुसार आरक्षण देय होगा।

(4) **चरित्र**–किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक/चारित्रिक अधमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिए अर्ह नहीं होंगे।

- अभ्यर्थी के चयन के लिए भारांक के अंकों का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगा–

क्र.सं.	परीक्षा/उपाधि का नाम	गुणवत्ता अंक
1.	हाई स्कूल	परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 10/100
2.	इण्टरमीडिएट	परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 10/100
3.	स्नातक उपाधि	परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 20/100
4.	परास्नातक उपाधि	परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 20/100
5.	प्रशिक्षण	सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 30/100

(5)नोट–

- यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के गुणवत्ता अंक समान हों तो ऐसे अभ्यर्थी का नाम, जो आयु में ज्येष्ठ हो, सूची में उच्चतर रखा जायेगा।
- यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के गुणवत्ता अंक और आयु समान हो तो अभ्यर्थी का नाम, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार सूची में रखा जायेगा।
- उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय (कक्षा 09–12) में कर्मियों यथा प्रधानाचार्या, पी0जी0टी0, केयर टेकर, लैब असिस्टेंट के पद पर चयन सीधे मेरिट के आधार पर किया जायेगा एवं कार्यालय अधीक्षक के पद पर चयन मेरिट एवं टंकण परीक्षा के आधार पर किया जायेगा। सहायक रसोईया, चपरासी एवं चौकीदार के पद पर चयन साक्षात्कार द्वारा किया जायेगा।
- सभी पदों पर मानदेय राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के समय–समय पर दिये गये निर्देशों के अनुसार देय होगा।
- वर्तमान में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कार्यरत् कार्मिक को अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) प्राप्त कर ही आवेदन स्वीकार किया जायेगा।
- पदवार/विषयवार रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है, जिसके सम्बन्ध में विषयवार एवं पदवार आरक्षण का निर्धारण चयन समिति के निर्णय के अधीन होगें।
- उल्लेखित मानदेय में नियोक्ता का 13 प्रतिशत ई0पी0एफ0 अंशदान (जिन कर्मियों का माननेद 15 हजार की सीमा तक हैं) सम्मिलित है।
- समस्त शैक्षिक अभिलेख एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों में यदि CGPA या SGPA में दर्शाया गये हैं तो CGPA या SGPA के अंकों का प्रतिशत का विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- आवेदन पत्र के साथ अंक पत्रों, प्रमाण–पत्रों (शैक्षिक एवं प्रशिक्षण) चरित्र प्रमाण–पत्र, जन्मतिथि प्रमाण–पत्र, निवास प्रमाण–पत्र एवं जाति प्रमाण–पत्र जो सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त हो, की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न किये जाएँ। साक्षात्कार/काउन्सिलिंग के समय समस्त उपरोक्त सम्बन्धित मूल प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(6) सत्यापन–

शिक्षक/शिक्षणेत्तर स्टाफ के चयन के समय प्रस्तुत प्रमाण पत्रों का सत्यापन सम्बन्धित बोर्ड/संस्था से कराया जायेगा। कार्मिकों के मूल शैक्षिक अभिलेखों को जिला परियोजना कार्यालय में सुरक्षित/संरक्षित कराया जायेगा। अभिलेखों के सत्यापनोपरान्त ही मानदेय का भुगतान किया जायेगा।

निर्देश एवं शर्तें

1. आवेदन हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगी।
2. विज्ञप्ति में दिये गये पदों में वांछित योग्यता अनिवार्य होगी।
3. आरक्षण नियमानुसार देय होगा।
4. प्रत्येक पद हेतु अलग–अलग आवेदन करना होगा।

किसी भी प्रकार के बदलाव, सुधार एवं विज्ञप्ति को किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार जनपदीय चयन समिति के पास रक्षित होगा, जिस हेतु कोई दावा/वाद मान्य नहीं होगा तथा विज्ञप्ति लिपिकीय त्रुटि के अधीन होगी।

6. लिफाफे के उपर आवेदित पद का नाम व विषय लिखा हो। लिफाफे के अंदर पिन कोड सहित अपना पता लिखा **तीन लिफाफा जिसमें रु0 56–56 का डाक टिकट लगा हो,** अनिवार्य रूप से संलग्न करें।
7. अपूर्ण एवं त्रुटि होने पर आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।
8. आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षिक अभिलेख एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
9. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर पंजीकृत डाक के माध्यम से **कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महराजगंज, पिन कोड 273303** के पते पर **दिनांक 10.12.2026 के सायं 05.00 बजे तक** ही स्वीकार किये जायेंगे।
10. उक्त पदों पर चयन हेतु अर्हता, विस्तृत निर्देश एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जनपद महराजगंज के वेबसाइट https://maharajganj.nic.in पद पर उपलब्ध है एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।

(अमन प्रताप सिंह)
जिला समन्वयक बालिका शिक्षा
एस0एस0ए0, महराजगंज।

(सुरजीत कुमार सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
महराजगंज।

पृ0सं0/एस0एस0ए0/के0जी0बी0वी0/ 2570-77 /2025–26 दिनांक 25/11/2026

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, राज्य परियोजना कार्यालय, उ०प्र०, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, महराजगंज ।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, महराजगंज ।
4. प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, महराजगंज ।
5. समस्त उपजिलाधिकारी जनपद महराजगंज को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
6. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, महराजगंज को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को जनपद के बेवसाइट https://maharajganj.nic.in पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जनपद महराजगंज को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
8. ब्यूरोचीफ दैनिक जागरण ,अमर उजाला एवं हिन्दुस्तान को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञापन प्रादेशिक स्तर पर अपने सम्मानित समाचार पत्र में न्यूनतम शासकीय दर पर विज्ञप्ति प्रकाशित कराकर विज्ञप्ति के दो प्रतियों सहित बिल भुगतान हेतु उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि भुगतान की कार्यवाही की जा सकें।

(अमन प्रताप सिंह)
जिला समन्वयक बालिका शिक्षा
एस0एस0ए0, महराजगंज।

(सुरजीत कुमार सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
महराजगंज।

जनपद महराजगंज के उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में चयन हेतु आवेदन पत्र

1. आवेदित पद का नाम.....विषय का नाम.....
2. अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में).....
3. अभ्यर्थी का नाम (अंग्रेजी में).....
4. पिता/पति का नाम (हिन्दी में).....
5. जन्म तिथि (हाई स्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार).....
6. जन्मतिथि शब्दों में.....
7. आयु (दिनांक 01.04.2026 को).....वर्ष.....माह.....दिन.....
8. वैवाहिक स्थिति .....
9. राष्ट्रीयता .....
10. जाति–(सामान्य/पिछड़ी/अनु0जाति/अनु0जनजाति/ ई0डब्लू0एस0).....
    (अनु0जाति/अनु0जनजाति/ ई0डब्लू0एस0 एवं पिछड़ी के अभ्यर्थी जाति प्रमाणपत्र की अद्यतन प्रति संलग्न करें)
11. स्थायी पता (निवास प्रमाण पत्र संलग्न करें).....
    .....पिन कोड.....
12. पत्र व्यवहार का पता.....
    .....पिन कोड.....
13. मोबाइल/फोन/ई–मेल नम्बर:.....
14. ई–मेल id:.....
15. आधार नम्बर (संलग्न करें):.....
16. कुल संलग्नको की संख्या–
17. दिव्यांगता यदि हो तो प्रकार
18. शैक्षिक योग्यताओं का विवरण–

पासपोर्ट आकार का रंगीन एवं स्व–प्रमाणित नवीनतम फोटो

परीक्षा का नाम	बोर्ड/ विश्वविद्यालय	वर्ष	विषय	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत	गुणवत्ता अंक
कक्षा आठ							
हाई स्कूल							
इण्टरमीडिएट							
स्नातक							
परास्नातक							
प्रशिक्षण							
अनुभव							
अन्य							

घोषणा

मै एतद्द्वारा घोषणा करती हूँ कि उपरोक्त विवरण सत्य है। चयन के पूर्व अथवा बाद में जांचोंपरान्त कोई भी विवरण असत्य अथवा गलत पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी को मेरा अभ्यर्थन निरस्त करने तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने का अधिकार होगा। आवेदन पत्र प्रेषित करने के दिनांक के बाद कोई भी प्रमाणपत्र/अंकपत्र प्रस्तुत करने पर उनको अमान्य करने व विज्ञप्ति की शर्तों को पूरा न करने की स्थिति में मेरा अभ्यर्थन स्वतः निरस्त समझा जाये।

स्थान : .....
दिनांक : .....

अभ्यर्थिनी का हस्ताक्षर एवं दिनांक

DC (UE)

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महराजगंज

पत्रांक / /2026–27 दिनांक– 26/नवम्बर/ 2026

शुद्धि पत्र / विज्ञप्ति

अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्र संख्या–एस0एस0ए0 / के0जी0बी0वी0 / 7570–77 / 2026–27 दिनांक 25.11.2026 के द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति में उच्चीकृत कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर चयन हेतु आवेदन पत्र पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महराजगंज निकट विकास भवन महराजगंज के पते पर बिलम्बत्म दिनांक 10'/ 12 / 2026 सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित किये गये हैं।

उक्त प्रकाशित विज्ञप्ति के अन्तर्गत लैब असिस्टेन्ट, चपरासी, चौकीदार, सहायक रसोइया पदों पर शासनादेशानुसार मानदेय निम्नवत् होगा–

क्रमांक	पद का नाम	मानदेय
1	लैब असिस्टेन्ट	7147.00
2	चपरासी	7505.00
3	चौकीदार	7505.00
4	सहायक रसोइया	6755.00

उपरोक्त के अतिरिक्त शेष योग्यता / शर्ते यथावत रहेंगी।

(सुरजीत कुमार सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
महराजगंज।

पृ0सं0 / 7582 – 89 /2026–27 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, राज्य परियोजना कार्यालय, उ०प्र०, लखनऊ।
02. जिलाधिकारी महोदय, महराजगंज ।
03. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, महराजगंज ।
04. प्राचार्य / उप शिक्षा निदेशक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, महराजगंज ।
05. समस्त उपजिलाधिकारी जनपद महराजगंज को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
06. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, महराजगंज को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को जनपद के बेवसाइट https://maharajganj.nic.in पर अपलोड करने का कष्ट करें।
07. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जनपद महराजगंज को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
08. ब्यूरोचीफ दैनिक जागरण ,अमर उजाला एवं हिन्दुस्तान को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञापन प्रादेशिक स्तर पर समाचार पत्र में न्यूनतम शासकीय (फांट साइज 9) दर पर विज्ञप्ति प्रकाशित कराकर विज्ञप्ति के दो प्रतियों सहित बिल भुगतान हेतु उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि भुगतान की कार्यवाही की जा सकें।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
महराजगंज।
DE(HS)